1-Ace film director KS Sethumadhavan, winner of 10 national and nine Kerala state film awards, died in Chennai. He was 90.

10 राष्ट्रीय और 9 केरल राज्य फिल्म पुरस्कारों के विजेता जाने-माने फिल्म निर्देशक केएस सेतुमाधवन का चेन्नई में निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे।

2-The Prime Minister, Narendra Modi laid the foundation stone for the Biogas based Electricity generation plant for the Milk Producers Cooperative Union Plant, Ramnagar, Varanasi.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ संयंत्र, रामनगर, वाराणसी के लिए बायोगैस आधारित विद्युत उत्पादन संयंत्र की आधारशिला रखी।

3-Union Minister for Road Transport and Highways Nitin Gadkari inaugurated and laid foundation stone of National Highway projects of 240 Km worth Rs.9119 crore in Meerut and Muzaffarnagar in Uttar Pradesh.

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने उत्तर प्रदेश में मेरठ और मुजफ्फरनगर में 9,119 करोड़ रुपये की 240 किलोमीटर लंबी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

4-The Indian Army, launched a contemporary messaging application named, Army Secure IndiGeneous Messaging Application which is a new generation, state of the art, web based application developed entirely in-house by team of officers of the Corps of Signals of the Army.

भारतीय सेना ने आर्मी सिक्योर इंडिजेनस मैसेजिंग एप्लिकेशन नाम के एक समकालीन मैसेजिंग एप्लिकेशन का शुभारंभ किया, जो एक नई पीढ़ी का अत्याधुनिक वेब आधारित एप्लिकेशन है, इस एप को सेना के कोर ऑफ सिग्नल्स के अधिकारियों की टीम द्वारा पूरी तरह से इन-हाउस विकसित किया गया है।

5-Rajeev Chandrasekhar- Minister of State, Electronics and Information Technology, Skill Development & Entrepreneurship, Government of India along with SP Singh Baghel, Minister of State (Law & Justice) and Anil Kumar Jain CEO, NIXI inaugurated the 7 new internet exchange nodes in multiple cities of UP.

देश के माननीय राज्य मंत्री, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी, कौशल विकास और उद्यमिता, भारत सरकार राजीव चंद्रशेखर के साथ एसपी सिंह बघेल राज्य मंत्री (कानून और न्याय) और अनिल कुमार जैन सीईओ, निक्सी ने उत्तर प्रदेश के कई शहरों में **7** नए इंटरनेट एक्सचेंज नोड्स का उद्घाटन किया।

6-The Government of India (GoI) and European Investment Bank (EIB) signed a Finance Contract for first tranche loan of Euro 250 million for Agra Metro Rail Project.

भारत सरकार और यूरोपियन इन्वेस्टमेंट बैंक (ईआईबी) ने आगरा मेट्रोल रेल परियोजना के लिए **25** करोड़ यूरो के कर्ज की पहली किस्त के लिए एक वित्तीय अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।

7-The Government of India and the German Development Bank – KFW signed agreements for Euro 140 million reduced interest loan and Euro 2 million grant for Energy Reform Programme, Madhya Pradesh.

भारत सरकार और जर्मन डेवलपमेंट बैंक - केएफडब्ल्यू ने ऊर्जा विकास कार्यक्रम, मध्य प्रदेश के लिए कम ब्याज पर **140** मिलियन यूरो के ऋण और **2** मिलियन यूरो के अनुदान के लिए समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

8-REC Limited has entered into an agreement with KfW Development Bank for availing ODA term loan of USD 169.5 million under Indo-German Bilateral Partnership in accordance with the approval granted by Department of Economic Affairs, Ministry of Finance, Govt. of India.

ग्रामीण विद्युतीकरण निगम लिमिटेड (आरईसी) ने आर्थिक मामलों के विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के अनुमोदन के अनुसार भारत-जर्मन द्विपक्षीय भागीदारी के तहत **169.5** मिलियन अमरीकी डॉलर के ओडीए अवधि ऋण का लाभ उठाने के लिए केएफडब्ल्यू विकास बैंक के साथ एक समझौता किया है।

9-As many as 18 Indian referees have been selected in the FIFA Refereeing International list for 2022, the All India Football Federation (AIFF) announced.

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने गुरुवार को घोषणा की है कि **2022** के लिए फीफा रेफरी अंतर्राष्ट्रीय सूची में **18** भारतीय रेफरी चुने गए हैं।

10-President Joe Biden signed a bill into law to block imports from China's Xinjiang region unless businesses can prove the items were made without forced labour.

राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक विधेयक पर हस्ताक्षर किये जिसमें चीन के शिनझियांग प्रांत से तब तक सामान के आयात पर रोक का प्रावधान है जब तक कारोबारी यह साबित नहीं करते कि माल बिना बंधुआ मजदूरों के बनाया गया है।